जनपद हमीरपुर

थाना- कोतवाली नगर **दिनांक 05.06.2026**

थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 112/2026 धारा 109(1)/3(5) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित 03 अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में ।

घटना का विवरण-

दिनांक 03.06.2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि रामजीवन निवासी नैठी, थाना कुरारा को शीतलपुर के पास थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में उनके ई-रिक्शा में सवार 03 व्यक्तियों द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया गया। जिससे उनके गले में चोट से रक्त स्राव हो रहा है। सूचना पर थाना पुलिस द्वारा घायल को जिला अस्पताल हमीरपुर भेजवाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर किया गया।

वादिया से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 112/2026 धारा 109(1)/3(5) बी0एन0एस0 बनाम 1. अरविन्द सविता उर्फ छोटू पुत्र राधे लाल एवं कुछ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था। विवेचना के क्रम में पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर मनोज प्रजापति पुत्र मुन्नीलाल प्रजापति व शिवम गोस्वामी पुत्र सुरेश गोस्वामी का नाम प्रकाश में आया।

पुलिस कार्यवाही-

आज दिनाँक 05.06.2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा उपरोक्त मुकदमें से सम्बन्धित 03 अभियुक्तगण 1.मनोज प्रजापति पुत्र मुन्नीलाल प्रजापति 2.अरविन्द सविता उर्फ छोटू पुत्र राधेलाल सविता 3. शिवम गोस्वामी पुत्र सुरेश गोस्वामी को ब्रम्हा का डेरा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1.मनोज प्रजापति पुत्र मुन्नीलाल प्रजापति (उम्र करीब 23 वर्ष)

2.अरविन्द सविता उर्फ छोटू पुत्र राधे लाल सविता (उम्र करीब 28 वर्ष)

3.शिवम गोस्वामी पुत्र सुरेश गोस्वामी (उम्र करीब 19 वर्ष) समस्त निवासीगण गौरादेवी थाना कोतवाली नगर जनपद हमीरपुर।

गिरफ्तारी का स्थान-

ब्रम्हा का डेरा मोड़ के पास से थाना कोतवाली नगर जनपद हमीरपुर।

पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 हर्षवीर सिंह
2. रि0आ0 सचिन यादव
3. रि0आ0 अंकित पाल
4. रि0आ0 अमित शुक्ला